एक नजर

ब्लॉक मौर्य विकास परिषद का गठन, विजय मौर्य बने अध्यक्ष

रामनगर, बाराबंकी। जिला मौर्य विकास परिषद की अगुवाई में शनिवार को रामनगर ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद के जिलाध्यक्ष अजय कुमार मौर्य ने की तथा संचालन मास्टर अवधराम मौर्य ने किया। शुरुआत भगवान गौतम बुद्ध और सम्राट अशोक के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।बैठक में समाज के लोगों ने शिक्षा को सामाजिक उत्थान का आधार बताते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। इस दौरान रामनगर निवासी विजय मौर्य ने बुजुर्गों और पदाधिकारियों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। सर्वसम्मति से विजय मौर्य को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया।नई कार्यकारिणी में सुभाष चंद्र मौर्य महामंत्री, तुलसीराम मौर्य, रामू मौर्य और रजनीश मौर्य उपाध्यक्ष, रामकुमार मौर्य मीडिया प्रभारी, संतोष मौर्य संयुक्त मंत्री, इंदुनाथ मौर्य प्रचार मंत्री तथा देवेंद्र मौर्य कोषाध्यक्ष बनाए गए। दयाराम मौर्य, लक्ष्मी बाबा और रामचंद्र मौर्य को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई।

अवैध प्लाटिंग की भेंट चढ़ा जलनिकासी नाला, सड़क पर भरा तालाब का पानी

मसौली, बाराबंकी। शहाबपुर कस्बे में जलनिकासी का नाला कथित तौर पर अवैध प्लाटिंग की भेंट चढ़ गया है। नाला अवरुद्ध होने से महातलियां तालाब का पानी सड़क पर भर रहा है। पंचायत भवन के सामने मुख्य मार्ग पर बिना बारिश के जलभराव होने से राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।ग्रामीणों के मुताबिक तालाब से पानी निकासी के लिए बना नाला प्लाटिंग करने वालों ने कब्जे में लेकर निर्माण कार्य करा लिया है। इससे तालाब का पानी निकलना बंद हो गया और अब सड़क तक पहुंच रहा है। नजदीक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय जाने वाले बच्चों को भी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है।गुलाम रसूल, बद्रदूजा, मोहम्मद रफी, मोहम्मद नफीस और मोहम्मद शकील सहित ग्रामीणों ने प्रशासन से नाले को कब्जामुक्त कराकर जलनिकासी की व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

रामनगर रोजगार मेले में 22 कंपनियां पहुंचीं, सात अभ्यर्थियों को मिले ऑफर लेटर

रामनगर, बाराबंकी। पीजी कॉलेज रामनगर में शनिवार को उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से आयोजित मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और भाजपा नेता शरद कुमार अवस्थी मौजूद रहे।मेले में 22 निजी कंपनियों ने स्टॉल लगाकर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। सैकड़ों युवक-युवतियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों को रिक्त पदों, शैक्षिक योग्यता और चयन प्रक्रिया की जानकारी दी।विभिन्न कंपनियों में अजय कुमार, प्रिंसी त्रिवेदी, आनंद, शिवम कश्यप, शिवानी यादव, मयंक पांडेय और कुमारी सरिता का चयन किया गया। जिलाधिकारी एवं अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए।डीएम ने युवाओं को कौशल विकास के जरिए आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार रोजगार के साथ कौशल विकास पर भी जोर दे रही है। इस अवसर पर रानी मृणालिनी सिंह, प्राचार्य डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र, ब्लॉक प्रमुख संजय कुमार तिवारी, जिला सेवायोजन अधिकारी मानवेंद्र सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

पीजी कॉलेज रामनगर की व्यवस्थाएं सुधारने पर डीएम ने की चर्चा



रामनगर, बाराबंकी। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने शनिवार को पीजी कॉलेज रामनगर का निरीक्षण कर प्राचार्य डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र और प्राध्यापकों के साथ बैठक की। इस दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, आय के स्रोत बढ़ाने, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और शिक्षकों की कमी दूर करने पर चर्चा हुई। डीएम ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्राध्यापकों से सुझाव मांगे। गौरतलब है कि जिलाधिकारी महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष भी हैं।

दूसरे चरण का प्रशिक्षण पूरा लापरवाही पर कारवाई की चेतावनी

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। जनगणना वर्ष 2027 के द्वितीय चरण को लेकर रामसनेहीघाट में आयोजित प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया। एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय ने प्रशिक्षण में शामिल कर्मियों को पूरी निष्ठा, सावधानी और सटीकता के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। जनगणना राष्ट्र का महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रगणक घर-घर जाकर सही जानकारी दर्ज करें। प्रशिक्षण में फॉर्म भरने की प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के इस्तेमाल और पूछे जाने वाले सवालों की विस्तार से जानकारी दी गई।

छत से गिरकर सात वर्षीय बालक की मौत

बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बसौली गांव में शनिवार शाम छत से गिरकर सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे के समय बालक अन्य बच्चों के साथ छत पर खेल रहा था। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बसौली निवासी रिजवान का बेटा अमजद छत पर खेल रहा था। परिजन उसे आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए, जहां चिकित्सक डॉ. निसार अहमद ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

बेहतर प्रदर्शन करने वालों का हर जगह सम्मान होता है- कपूर कुमार

महमूदाबाद (सीतापुर)। लक्ष्य प्राप्ति के लिए टेक्नोलॉजी का सदुपयोग करें। व्यक्ति के व्यवहार से उत्पन्न मनोदशा ही जीवन की दिशा तय करती है। हमें अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारण कर उसकी प्राप्ति के लिए मेहनत, समर्पण, त्याग और अनुशासन के साथ आगे बढ़ते हुये अपने माता-पिता और गुरुजनों को गौरवान्वित करने के लिए सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए। सम्मान उनको प्राप्त होता है जो अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करता है।उक्त बातें भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर सीता इंटर कॉलेज के शास्त्री सभागार में भव्य सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुये पुलिस क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सिर्फ किताबों तक ही आश्रित नहीं रहना चाहिए बल्कि किताबों के अतिरिक्त भी ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे, मां भारती व पं. जवाहर लाल नेहरू के चित्रों पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर बाल मेला, सांस्कृमिक कार्यक्रमों के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। समारोह में 1277 विद्यार्थियों को अनुशासन, खेल, संस्कार, वेशभूषा, अध्ययन, भारत स्काउट एंड गाइड्स, राष्ट्रीय सेवा योजना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिशु भारती सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। संस्था के चेयरमैन रमेश वाजपेयी विरल व डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष व वागीश दिनकर वाजपेयी ने माल्यार्पण, बैज अलंकरण, उत्तरीय एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। बाल दिवस के अवसर पर जूनियर ब्रांच में बाल मेले का भी आयोजन किया गया,

एक नहीं हो सके तो प्रेमी युगल जान देकर हुए एक दूजे के



सेवता (सीतापुर)। रेउसा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अमलोरा में शनिवार की सुबह एक ऐसी मनहूस खबर लेकर आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। जिस माटी ने इनके बचपन और जवानी के दिनों को देखा था। उसी गांव की एक छांव में दो बेजान शरीर फंदे से लटकते मिले। यह कहानी है 24 वर्षीय दिलीप (उर्फ गोलू मिश्रा) और 20 वर्षीय रुचि की, जिनके दिलों में वर्षों से एक-दूसरे के प्रति अटूट प्रेम पल रहा था। ग्रामीणों की जुबानी मानें तो दिलीप और रुचि का प्रेम किसी किताब के पन्नों जैसा गहरा था साफ सीधा और कई वर्षों पुराना। लेकिन समाज की रीतियां और किस्मत के फैसले अक्सर प्रेम की राह में दीवार बन जाते हैं। करीब छह महीने पहले रुचि की दुनिया जबरन बदल दी गई। उसकी शादी थाना सदरपुर के जहांगीराबाद के पास खालेपुरवा निवासी पंकज (पुत्र किशोरी गौतम) के साथ तय कर दी गई और उसका ब्याह भी हो गया। लेकिन सात फेरों और समाज की मोहर भी रुचि के दिल से दिलीप की तस्वीर को मिटा नहीं पाई। शादी के बाद से ही रुचि ने अपनी ससुराल की दहलीज पार करने से इंकार कर दिया और वापस अपने मायके अमलोरा लौट आई। शायद उसका मन उस घर में था, जहां उसका दिल बसता था। शनिवार की रात, जब दुनिया सो रही थी, तब इन दोनों प्रेमियों ने शायद जिंदगी की उन तमाम बंदिशों से हमेशा के लिए आजाद होने का फैसला कर लिया। सुबह होते ही जब गांव के लोगों की नजर पड़ी, तो कलेजा कांप उठा। प्रेमी दिलीप का शव घर के अंदर रस्सी के फंदे से झूल रहा था, और ठीक उसी के पास, घर के बाहर छप्पर के नीचे रुचि का शव दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। एक ही गांव में दो सांसों का इस तरह थम जाना, हर आँख को नम कर गया। क्षेत्र में खबर आग की तरह फैल गई, और गांव में मातम का सन्नाटा छा गया। घटना की सूचना मिलते ही रेउसा थाना प्रभारी हनुमंत लाल तिवारी और पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान पुलिस बल व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को फंदे से उतारकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। इस हृदयविदारक घटना के बाद दोनों पक्षों के परिवारों में कोहराम मचा है। गम और गुस्से के इस माहौल में परिजन एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह सिर्फखुदकुशी नहीं, बल्कि साजिश है। हालांकि, पुलिस हर पहलू की गहराई से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। ताकि यह साफहो सके कि आखिर उस काली रात इन दोनों की सांसें कैसे टूटीं।समाज की दीवारें शायद इन्हें एक न होने देतीं, पर मौत ने इन्हें हमेशा के लिए एक ही धागे में पिरो दिया। अमलोरा की यह घटना पीछे छोड़ गई है केवल कुछ अनसुलझे सवाल और आंसुओं से भीगे हुए दो परिवार।मौत से इलाके में मातम छा गया। हादसे में परिवार की 12 वर्षीय बेटी रिया बाल-बाल बच गई। वह घटना के समय पिता के साथ बाजार गई थी।मृतकों की पहचान गांधी नगर, कोतवाली नगर निवासी किरण देवी पाल (39) पत्नी राम तेजपाल, जुड़वा बेटियों कनिष्का और अनुष्का (7) तथा छोटी बेटी काव्या (5) के रूप में हुई है। राम तेजपाल वन विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं।हादसे की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी। महिला अपनी तीनों बेटियों के साथ रेलवे ट्रैक तक कैसे पहुंची और हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भाजपा टिकट की दावेदारी में डॉ. प्रसून लता सिंह की एंट्री

अयोध्या। गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2027 के चुनाव को लेकर भाजपा में टिकट की दावेदारी तेज होने लगी है। इसी क्रम में भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष डॉ. प्रसून लता सिंह ने भी विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी नेतृत्व उन्हें चुनाव लड़ने का अवसर देता है तो वह पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेंगी और जीत दर्ज कराने का प्रयास करेंगी।पार्टी ने उन्हें महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। वह संगठन के विश्वास पर खरा उतरते हुए क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाएंगी। महिलाओं को भाजपा की नीतियों, सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए महिलाओं को जागरूक करना और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करना जरूरी है।

भरतकुंड महोत्सव मे बेटियों ने दिया नारी सशक्तीकरण का संदेश

अयोध्या धाम। अयोध्या जिले के भरतकुंड में चल रहे सात दिवसीय 28वें भरतकुंड महोत्सव में शुक्रवार देर शाम नारी शक्ति फैशन शो का आयोजन किया गया। करीब सात बजे शुरू हुए कार्यक्रम में छात्राओं ने देश की वीरांगनाओं के जीवन चरित्र को मंच पर जीवंत कर दर्शकों में जोश भर दिया। एकेएस अवार्ड शो के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में बेटियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता देखने को मिली। वीरांगनाओं के संघर्ष, साहस और देश के प्रति समर्पण को छात्राओं ने अपनी वेशभूषा, संवाद और अभिनय के जरिए प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। वीरांगनाओं के किरदार में नजर आईं छात्राएं, तालियों से गूंजा पंडाल फैशन शो में छात्राओं ने अलग-अलग वीरांगनाओं के व्यक्तित्व और संघर्षपूर्ण जीवन को आकर्षक अंदाज में मंच पर उतारा। मंच पर जैसे ही छात्राओं ने वीरांगनाओं की भूमिका में संवाद और प्रस्तुति शुरू की, महोत्सव परिसर तालियों से गूंज उठा। दर्शकों ने उत्साह के साथ प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया।

ओएन एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

अयोध्या। बाल दिवस के अवसर पर ओएन एकेडमी विद्यालय में शुक्रवार को बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर बच्चों की उमंग, उत्साह और उल्लास से गुलजार रहा। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खान-पान और आकर्षक वस्तुओं के स्टॉल लगाए। बच्चों ने स्वयं दुकानदार की भूमिका निभाते हुए खरीद-बिक्री की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता एवं व्यावहारिक कौशल का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक अधिवक्ता धर्मपाल पांडेय, प्राचार्या प्रतिमा तिवारी, अवंतिका श्रीवास्तव एवं मिथिलेश मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।इस अवसर पर प्रबंधक अधिवक्ता धर्मपाल पांडेय ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि बच्चों को व्यावहारिक जीवन के अनुभवों से भी जोड़ना जरूरी है।

बाल मेले जैसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता, आपसी सहयोग और रचनात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने का अवसर मिलता है।उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक, रचनात्मक और व्यावहारिक गतिविधियों में सहभागिता भी आवश्यक है।बाल मेले में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल रहा। बच्चों ने स्टॉलों के माध्यम से न केवल अपनी प्रतिभा दिखाई, बल्कि खरीद-बिक्री के अनुभव से व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त किया। आयोजन ने बाल दिवस को बच्चों के लिए यादगार बना दिया।

ईएमओ ने 50 हजार का इंजेक्शन लगाकर बचाई जान

अयोध्या। योगी सरकार की ओर से गंभीर हृदय रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकारी अस्पतालों में करीब 50 हजार रुपये कीमत का जीवनरक्षक इंजेक्शन नि:शुल्क लगाया जा रहा है।

इसी पहल के तहत शनिवार सुबह अयोध्या जिला चिकित्सालय में तैनात वरिष्ठ चिकित्सक ईएमओ डॉ. आशीष पाठक ने हार्ट अटैक से पीड़ित एक मजदूर को समय रहते इंजेक्शन लगाकर उसकी जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।जानकारी के अनुसार, नगर में निर्माणाधीन ताज होटल में मार्बल लगाने का काम कर रहे 43 वर्षीय प्रवेश सुरेश पुत्र बुद्धिराम निवासी ग्राम तेवाड़ी, थाना विराट नगर, जिला जयपुर (राजस्थान) को शनिवार सुबह अचानक दिल का दौरा पड़ गया। इसके बाद उनके रिश्तेदार अर्जुन उन्हें तत्काल अयोध्या जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे।

शिक्षा के साथ संस्कार और चरित्र निर्माण भी जरूरी-राम बाबू



बाराबंकी। अहमदपुर चौराहा स्थित चन्द्र भानु गुप्त स्मारक विद्यालय के स्थापना दिवस एवं वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य वक्ता ने शिक्षा को व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि केवल किताबी ज्ञान और डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिकता, ईमानदारी, परिश्रम और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे संस्कार विकसित करना भी जरूरी है। आज के विद्यार्थी ही कल डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि बनकर देश की दिशा तय करेंगे। विकसित भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब युवा पीढ़ी शिक्षित, आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से दक्ष और संस्कारवान होगी।उन्होंने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा नहीं करते, बल्कि पूरी पीढ़ी का भविष्य गढ़ते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक, अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। वार्षिकोत्सव को बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का मंच बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया।उन्होंने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम पूरा नहीं करते, बल्कि पूरी पीढ़ी का भविष्य गढ़ते हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक, अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है।

वार्षिकोत्सव को बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का मंच बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया।विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए उन्होंने प्रबंधक तेज प्रताप शुक्ल और संचालक ज्ञान प्रकाश शुक्ल को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय शिक्षा, संस्कार और अनुशासन के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा।समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय अवस्थी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष रमन द्विवेदी, सुधाकर दीक्षित, संतोष तिवारी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक, पत्रकार और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बिड़ला विद्या मंदिर इंटर कालेज में विचार गोष्ठी एवं सभा का आयोजन



हरगांव (सीतापुर)। स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में बिड़ला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पुस्तकालय में विचार गोष्ठी एवं सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं और युवाओं में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करना मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड क्षेत्र के क्षेत्र संयोजक अनुपम श्रीवास्तव ने स्वदेशी की अवधारणा और वर्तमान परिदृश्य में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश की आर्थिक समृद्धि और आत्मनिर्भरता का मार्ग स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने से ही प्रशस्त होगा। इस अवसर पर स्वावलंबी भारत अभियान के अवध प्रांत समन्वयक हर्षवर्धन सिंह ने युवाओं से रोजगार मांगने वाले के बजाय रोजगार देने वाला बनने का आह्वान किया। उन्होंने स्वावलंबी भारत अभियान के माध्यम से चलाए जा रहे विभिन्न स्वरोजगार कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में पूर्णकालिक सदस्य उमेश गुप्ता ने भी संगठन के आगामी कार्यक्रमों और युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य रामचेत सिन्हा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों से कार्यक्रम में बताए गए विचारों को अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया। इस दौरान हरि प्रसाद दीक्षित को जिला समन्वयक(स्वदेशी जागरण मंच) मनोनीत किया गया।

मीना मंच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



हरगांव (सीतापुर)। बीआरसी सभागार में शनिवार को मीना मंच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश पाल ने की। प्रशिक्षण में संदर्भदाता सुबोध मान व मोनी सिंह ने शिक्षकों को मीना मंच के संचालन, गतिविधियों और बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में बीआरसी हरगांव के समस्त उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कम्पोजिट विद्यालय से प्रति विद्यालय एक-एक शिक्षक/शिक्षिका ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आस्था वर्मा, किरण बरनवाल, विभा मिश्रा, पंखुड़ी पाण्डेय, संगीता कटियार, शशांक त्रिपाठी अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

एक नजर

कोटवाधाम कार्तिक पूर्णिमा मेला, एसडीएम ने लिया जायजा



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। 22 नवंबर से शुरू होने वाले कार्तिक पूर्णिमा मेले की तैयारियों को लेकर शनिवार को एसडीएम अनिल कुमार सरोज ने कोटवाधाम का निरीक्षण किया। उन्होंने अभरण सरोवर, मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र और पार्किंग स्थलों की व्यवस्थाएं देखीं तथा मेला कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की।एसडीएम ने अभरण सरोवर की काई साफ कराने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग कराने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को मेला परिसर के खंभों पर पॉलीथीन टेपिंग कराने तथा लोक निर्माण विभाग को कोटवाधाम-बदोसरांय मार्ग के गड्ढे भरवाने और सड़क किनारे झाड़ियां साफ कराने को कहा। पार्किंग स्थलों की साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार वीर बहादुर सिंह, प्रभारी निरीक्षक राम अवतार सरोज, विद्युत विभाग के मनीष कुमार वर्मा, ग्राम सचिव अशोक कुमार यादव और मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

तेज रफ्तार कार का कहर, एक की मौत, पांच घायल

महमूदाबाद (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत तेज रफ्तार कार के कहर ने एक की जान ले ली। हादसे में पांच अन्य लोग घायल हो गए। रफ्तार इतनी तेज थी कि कार गुमटी के बाहर रखे तख्त व बिजली का पोल तोड़ते हुए सड़क किनारे बन घर के बाहर रखे टीनसेट में घुस गई। कार सवार ने बाइक सवार को भी टक्कर मार दी। आनन फानन में घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां एक व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया गया जबकि पांच अन्य घायलों का इलाज चल रहा। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस बल ने पहुंचकर मोर्चा संभाला। उत्तराखंड के काशीपुर निवासी प्रमोद वर्मा अपने परिवार के साथ बाराबंकी जनपद के फतेहपुर रिश्तेदारी में होने वाली सगाई समारोह में शामिल होने जा रहे थे। महमूदाबाद के इंदौरा स्थित अशोक वाटिका के सामने कार अनियंत्रित हो गई। सड़क किनारे रखरी गुमटी के बाहर तख्त पर बैठे लोगों को रौंद दिया। इसके बाद कार बिजली के पोल से टकरा गई। बिजली का पोल तोड़ते हुए बबलू यादव के घर के बाहर रखे टीनसेट में घुस गई। हादसे में तख्त पर बैठे जाहिद उर्फ गुड्डू (40) पुत्र जाकिर, राजाराम (55) पुत्र श्यामलाल, ताहिर (42) पुत्र बबलू, मनोज (35) पुत्र रामेश्वर, विजय (50) पुत्र कल्लू घायल हो गए। कार में सवार प्रमोद और उनकी मां कलावती को भी चोटें आई। घायलों को आनन फानन में सीएचसी महमूदाबाद पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने गुड्डू को मृत घोषित कर दिया। राजाराम की स्थिति भी गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग वार्ड के बाहर घटना स्थल पर हंगामा करने लगे। सूचना पाकर कोतवाल सत्येंद्र विक्रम सिंह अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। गुड्डू अपने घर का अकेला कमाने वाला था। गुड्डू साउंड सर्विस का काम करता और खाली समय में ऑटो चलाता था। गुड्डू की पत्नी साबरिन निशाँ का रो रो कर बुरा हाल है। बच्चे शाजिम अली, वामीश और सफन के सर से पिता का साया उठ गया।

जलनिकासी की समस्या को लेकर ग्रामीणों का धरना

महमूदाबाद (सीतापुर)। पहला में जल निकासी की समस्या को लेकर भेड़हिया में दलित पिछड़ा शोषित एकता समिति के नेतृत्व में दो दर्जन ग्रामीण शनिवार को भूख हड़ताल के साथ धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंच तहसीलदार ने समस्या का समुचित समाधान कराए जाने का आश्वासन देते हुए पानी पिलाकर भूख हड़ताल खत्म कराई।

पहला के भेडहिया संडौर के सुरेश गौतम, पुत्तीलाल, खुशीराम, सुशील कुमार, चंद्रकुमार सहित करीब 50 ग्रामीण नौमीलाल के दरवाजे पर भूख हड़ताल करते हुए धरने पर बैठ गए। सूचना मिलते ही तहसीलदार सिधौली, एडीओ पंचायत पहला दिनेश मिश्र, सचिव शिव कुमार कश्यप, लेखपाल शैलेंद्र मिश्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों से वार्ता कर तहसीलदार मोहित कुमार ने बताया कि गांव में बंजर की भूमि पर ग्रामीणों द्वारा कब्जा किया गया जिसे पांच दिन में हटाने के निर्देश दिए गए हैं। एडीओ पंचायत दिनेश मिश्र ने बताया कि ग्रामीण जल निकासी के लिए नाला बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन नाला तालाब तक ले जाने के लिए जगह नहीं है। इसलिए बंजर की भूमि खाली करवाकर गड्ढा बनवा गांव की जल निकासी करवाई जाएगी।

कम्बल बांटे

महमूदाबाद (सीतापुर)। विमला देवी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा लालता प्रसाद जायसवाल के 81वें जन्मदिन के अवसर पर महमूदाबाद के महिला अस्पताल में पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने मरीजों को कंबल बांटे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने कहा कि समाजसेवा से बढ़कर कोई पुण्य का काम नहीं है।

संपन्न लोगों को जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महमूदाबाद के अध्यक्ष पंकज जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शव मिला

महमूदाबाद (सीतापुर)। एक दिन पूर्व घर से निकली विवाहिता का शव सुबह गांव के बाहर बाग में पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। रामपुर कलां थाना क्षेत्र के अंतर्गत मदुरी मौजा दिल्ली आगरा निवासी पिंकी (30) पत्नी प्रदीप शुक्रवार की रात करीब 10 बजे शौच जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं आई। शनिवार की सुबह गांव के पश्चिम यूकेलिप्टस की बाग में उसका शव पेड़ से लटकता मिला। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

बाल दिवस पर नुक्कड़ नाटक से दिया बालिका शिक्षा का संदेश

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। बाल दिवस पर शनिवार को वात्सल्य संस्था की ओर से मौलाबाद कंपोजिट विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, देशभक्ति गीतों, कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक और खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभा दिखाई। शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्था के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रेम शंकर ने बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के अधिकारों की जानकारी दी। संस्था प्रतिनिधि सीमा ने बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए। किशोरियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए बालिका शिक्षा और समान अवसर का संदेश दिया। बच्चों को गुड टच-बैड टच, व्यक्तिगत सुरक्षा और एचपीवी टीकाकरण के प्रति भी जागरूक किया गया। थाना सफदरगंज के पुलिसकर्मियों ने चाइल्ड हेल्पलाइन सहित विभिन्न आपातकालीन सहायता नंबरों की जानकारी दी। कुर्सी दौड़ में रिवांश, अनुराग और फातिमा विजेता रहे। प्रधानाध्यापक शिवराम वर्मा सहित शिक्षक, संस्था प्रतिनिधि और बच्चे मौजूद रहे।

सूचना

सूचित किया जाता हैं कि मेरे पासपोर्ट सं0 L7253636 पर मेरा नाम MOHAMMAD JUNED व मेरे पिता का नाम ABDUL KHALIK त्रुटिवश दर्ज हो गया था। जबकि मेरा सही नाम MO JUNAID S/O ABDUL KHALIK हैं मुझे आज से इसी नाम से जाना व पहचाना जाएं। **मो. जुनैद पुत्र अब्दुल खालिक निवासी - 19 ग्राम सेवता आंशिक पोस्ट व थाना रेओसा तहसील बिसवां जनपद सीतापुर, पिन कोड - 261205**